दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 01 अक्टूबर 2021

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## परेशानी के साथ महंगे तेल दाम के फायदे

वर्ष 2015 में विश्व बाजार में तेल के दाम उछल रहे थे और 111 अमेरिकी डालर प्रति बैरल के स्तर पर थे। इसके बाद 2020 में कोविड संकट के दौरान इनमें भारी गिरावट आई और दाम केवल 23 डालर प्रति बैरल रह गये। वर्तमान में पुनः इसमें कुछ वृद्धि हुई है और ये मूल्य आज 76 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गये हैं। इसी अवधि में देश के घरेलू बाजार में पेट्रोल के दाम की चाल बिल्कुल अलग रही है। 2015 में घरेलू बाजार में पेट्रोल के दाम 70 रुपये प्रति लीटर थे। जब 2020 में विश्व बाजार में तेल के दाम घटकर 23 डालर प्रति बैरल हो गये थे, उस समय हमारे बाजार में तेल के दाम घटे नहीं बल्कि 70 रुपये प्रति लीटर के लगभग ही बने रहे। कारण यह कि जैसे-जैसे विश्व बाजार में तेल के दाम में गिरावट आई, उसी के समानांतर हमारी केंद्र सरकार ने तेल पर वसूल की जाने वाली एक्साइज ड्यूटी एवं राज्य सरकारों ने तेल पर वसूल की जाने वाली सेल टैक्स में वृद्धि की। नतीजा यह हुआ कि विश्व बाजार में जितने दाम में गिरावट आई, उतना ही घरेलू टैक्स में वृद्धि हुई और बाजार में पेट्रोल का दाम 70 रुपये प्रति लीटर पर ही टिका रहा। इसके बाद इस वर्ष 2021 में विश्व बाजार में तेल के दाम पुनः बढ़े हैं और जैसा कि ऊपर बताया गया है, वर्तमान में ये 76 डालर प्रति बैरल पर आ गये हैं। लेकिन इस समय घरेलू दाम स्थिर नहीं रहे। विश्व बाजार में तेल के दाम के समानांतर घरेलू बाजार में पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं। 2020 के 70 रुपये से बढ़कर आज ये दिल्ली में 102 रुपये प्रति लीटर हो गये हैं। इस वर्ष में जैसे-जैसे विश्व बाजार में ईंधन तेल के दाम बढ़े, उस समय हमारी सरकार ने तेल पर वसूल किये जाने वाले टैक्स में कटौती नहीं की और घरेलू बाजार में तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं। केंद्र सरकार मालामाल हो रही है। वर्ष 2015 में केन्द्र सरकार को तेल से 72 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिला था जो वर्तमान वर्ष में 300 हजार करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यानी 2015 और आज की तुलना करें तो विश्व बाजार में तेल का दाम उस समय के 111 डालर से घट कर वर्तमान में 76 डालर रह गया है लेकिन केन्द्र सरकार का राजस्व 72 हजार करोड़ से बढ़कर 300 हजार करोड़ हो गया है। बिल्कुल स्पष्ट है कि सरकार ने वर्तमान में ईंधन तेल पर भारी टैक्स वसूल किया है। तेल के ऊंचे दाम का एक विशेष प्रभाव यह है कि महंगाई में वृद्धि होती है। पेट्रोल के साथ डीजल के दाम बढ़ते हैं, जिससे माल की ढुलाई महंगी हो जाती है और बाजार में प्रत्येक माल महंगा हो जाता है। लेकिन केयर रेटिंग के अनुसार पेट्रोल के दाम का हमारे थोक मूल्य सूचकांक में 1.6 प्रतिशत का हिस्सा होता है और डीजल का 3.1 प्रतिशत का। यानी पेट्रोल के दाम में 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई तो थोक मूल्य सूचकांक में केवल 1.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्तमान में पेट्रोल के दाम में 2015 की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है–70 रुपये से बढ़कर यह 102 रुपये हो गए हैं। इस वृद्धि से थोक मूल्य सूचकांक में मात्र 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई होगी, ऐसा माना जा सकता है। डीजल के दाम में जो 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, उसका हमारे थोक मूल्य सूचकांक में प्रभाव 1.5 प्रतिशत माना जा सकता है। दोनों का सम्मिलित प्रभाव मात्र 2.5 प्रतिशत माना जा सकता है। तुलना में 2015 से 2021 के बीच में महंगाई इससे कहीं ज्यादा बढ़ी है। इससे स्पष्ट है कि महंगाई पर पेट्रोल के दाम में वृद्धि का प्रभाव कम और अन्य कारकों का प्रभाव ज्यादा है। इसलिए हम कह सकते हैं कि पेट्रोल के दाम में वृद्धि का महंगाई पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ता। पेट्रोल के दाम में वृद्धि का दूसरा संभावित प्रभाव मैन्युफैक्चररिंग गतिविधियों पर पड़ सकता है। लेकिन अपने देश में अधिकतर मैन्युफैक्चररिंग उद्योग बिजली से चलते हैं, जिसका दाम बीते कुछ वर्षों में लगातार गिर रहा है। इसलिए उद्योगों पर भी पेट्रोल के बढ़े दाम का नकारात्मक प्रभाव नहीं दिखता है।पेट्रोल के दाम में वृद्धि का एक लाभ यह है कि हमारी आर्थिक संप्रभुता की रक्षा होती है।

*- भरत झुनझुनवाला*

## भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी ने लिया संन्यास, ओलंपिक मेडल के साथ खत्म किया सफर



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के स्टार ड्रैग फ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी और कहा कि वह चाहते हैं कि अब युवाओं को मौका मिले। रुपिंदर सिंह टोक्यो ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। साल 2010 में टीम इंडिया में डेब्यू करने वाले रुपिंदर भारत के सबसे कामयाब ड्रैग फ्लिकर्स में शुमार हैं। रुपिंदर ने करीब 6 साल की उम्र में पंजाब के फिरोजपुर में शेरशाह वली हॉकी अकेडमी में ट्रेनिंग शुरू की थी। लगातार सुधार करते हुए रुपिंदर ने शीर्ष तक अपना सफर तय किया। साल 2002 में वह चंडीगढ़ हॉकी अकेडमी के लिए खेलने लगे थे। वह साल 2010 में भारतीय टीम का हिस्सा बने और लगातार टीम के लिए खेलते रहे। उन्होंने 2010 में सुल्तान अजलान शाह कप के दौरान डेब्यू किया था। टीम इंडिया को इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल मिला था। रुपिंदर ने इस टूर्नामेंट में ब्रिटेन के खिलाफ अपनी पहली हैट्रिक लगाई थी। यह हैट्रिक रुपिंदर के करियर को आगे बढ़ाने में काफी सहायक साबित हुई।

रुपिंदर पाल सिंह ने संन्यास की जानकारी देते हुए कहा कि मैंने भारतीय हॉकी टीम से रिटायर होने का फैसला किया है। पिछले दो महीने निसंदेह मेरे जीवन के बेहतरीन दिन रहे हैं। मेरे साथियों के साथ टोक्यो में पोडियम पर खड़े होना एक ऐसा अविश्वसनीय अनुभव है जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। मुझे लगता है कि अब युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को जगह देने का मौका आ गया है जिससे कि वे भी उस अनुभव को जी सके जो मैंने पिछले 13 साल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हासिल किया। 223 मैच में भारत की जर्सी पहनने का मुझे सम्मान मिला और इनमें से हरेक मैच मेरे लिए स्पेशल रहा।

उन्होंने आगे लिखा कि मैं खुशी के साथ टीम को छोड़कर जा रहा हूं क्योंकि हमने भारते के लिए ओलिंपिक मेडल जीतने के सबसे बड़े सपने को पूरा कर लिया। मैं अपने साथ दुनिया के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने की यादें लेकर जा रहा हूं। मैं इन सभी का बहुत सम्मान करता हूं। मेरे साथी खिलाड़ी इन सालों में मेरी सबसे बड़ी ताकत रहे हैं और मैं उन सभी को शुभकानाएं देता हूं कि भारतीय हॉकी को और आगे लेकर जाएं।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
Good people to grow with
www.iob.in

## इंडियन ओवरसीज बैंक पीसीए से हुआ बाहर लेकिन शर्त के साथ

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सार्वजिनक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) को कुछ शर्तो के साथ प्रोम्पट कॉरेक्टिव एक्शन (पीसीए) से बाहर करने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय बैंक ने आज यह जानकारी देते हुये कहा कि पीसीए से आईओबी को राहत दी गयी है लेकिन यह कुछ शर्तों के साथ है। आईओबी अभी भी रिजर्व बैंक की निगरानी में रहेगा। उसने कहा कि आईओबी ने लिखित में आश्वासन दिया है कि वि न्यूनतम नियामक पूंजी के साथ ही शुद्ध एनपीए के नियमों को पालन करेगा।

## एचडीएफसी बैंक ने 4 लाख से अधिक कार्ड किए जारी




**मुंबई।** निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एचडीएफसी बैंक ने प्रतिबंध हटने के बाद से अब तक 4 लाख से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी करने की आज घोषणा की। बैंक ने यहां जारी बयान में काह कि गत 21 सितंबर को ही चार लाख से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी कर दिये गये थे। उसके बाद भी बैंक ने लगातार इस सेक्टर में आक्रामक तौर पर ग्रोथ को दर्ज किया है।

बैंक क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में कई सारे मजबूत उत्पादों और साझेदारियों के साथ अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो को नए सिरे से मजबूत बना रहा है और और सह-निर्माण करने के लिए बैंक ने आक्रामक विकास पथ को चिह्नित किया है।बैंक ने 3 कार्ड री-लॉन्च करने की भी घोषणा की। बैंक के मिलेनिया, मनीबैक प्लस और फ्रीडम कार्डो को कई नए फीचरों और लाभों को जोड़कर लाँच किया है।

## अब अमेजन की दो घंटे में ग्रोसरी और एफएमसीजी डिलीवरी होगी



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेज़न इंडिया ने अपने नेटवर्क में महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा की, जिसके द्वारा अमेज़न फ्रेश के लिए विशेषज्ञ इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जाएगा और दैनिक जरूरत के सामान एवं ग्रोसरी के लिए अल्ट्रा-फास्ट 2-घंटे की डिलीवरी सेवा शुरू की जाएगी। इस विस्तार के साथ कंपनी ने पिछले साल के मुकाबले अपनी प्रोसेसिंग क्षमता को दोगुना से ज्यादा कर लिया है और अब कंपनी के पास भारत के 14 शहरों में 35 समर्पित साईट्स हैं, जिनमें नई दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, मुंबई, ठाणे, वाशी, अहमदाबाद, जयपुर, पुणे, बैंगलोर, मैसूर, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता हैं। इसने अन्य तरह के भवनों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया है, जो ग्राहकों के ऑर्डर का फुलफिलमेंट संभव बनाते हैं, नौकरी के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अवसरों का सृजन करते हैं, जिसके लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

कंपनी ने आज यहां कहा ''हमारे ग्राहक अपने दैनिक सामान की तीव्र व सुरक्षित डिलीवरी के लिए हमारे ऊपर भरोसा करते हैं। अमेज़न फ्रेश के लिए स्पेशियलाईज़्ड नेटवर्क का विस्तार हमें देश में ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचने में समर्थ बनाएगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर में यह निवेश 14 शहरों में नौकरियों के अवसरों का निर्माण करेगा, जहां से हम रोज हजारों ग्राहकों को अमेज़न फ्रेश सामान प्रोसेस करके उसकी आपूर्ति करते हैं।''

अमेज़न फ्रेश सर्विस में इस विस्तार के साथ ग्राहक फलों व सब्जियों, फ्रोज़न और चिल्ड उत्पादों जैसे डेयरी एवं मीट, ड्राई ग्रोसरी सामान, ब्यूटी, बेबी, पर्सनल केयर एवं पेट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला की शॉपिंग कर सकते हैं और यह सारा सामान उन्हें सुबह 6 बजे से अर्द्धरात्रि के बीच 2 घंटे के डिलीवरी स्लॉट में मिलेगा।

## फ्लिपकार्ट के द बिग बिलियर डेज में आर्टफॉर्म्स ऑफ इंडिया

**बेंगलुरू।** ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट अपने त्योहारी फ्लैगशिप इवेंट, द बिग बिलियन डेज़ (टीबीबीडी) के 8वें संस्करण की तैयारी कर रहा है। फ्लिपकार्ट अपने फ्लिपकार्ट समर्थ कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्प बनाने वालों के साथ सक्रियता से काम कर रहा है। इस टीबीबीडी में फ्लिपकार्ट समर्थ से जुड़े कारीगरों और बुनकरों ने आर्टफॉर्म्स ऑफ इंडिया थीम के तहत उत्पादों की खास श्रृंखला तैयार की है। इस श्रृंखला के ज़रिए वे त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने वाले भारत भर के ग्राहकों तक पहुंचना चाहते हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि फ्लिपकार्ट समर्थ को टैक्नोलॉजी के ज़रिए ई-कॉमर्स का लोकतंत्रीकरण करने और वंचित स्थानीय समुदायों को सस्टेनेबल और समावेशी प्लेटफार्म देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सरकारी संस्थाओं, आजीविका मिशन और एनजीओ भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। पिछले साल से इस कार्यक्रम की बिक्री में 7 गुना बढ़ोतरी हुई है। अब यह बाज़ार तक पहुंचने के बेहतर अवसर और डिजिटल कॉमर्स की समझ देकर 9,50,000 लोगों की आजीविका पर सकारात्मक असर डाल रहा है। पिछले साल, फ्लिपकार्ट के वार्षिक त्योहारी इवेंट में शामिल रहे कारीगरों ने गैर-त्योहारी समय की तुलना में अपनी आय में 2.5 गुना बढ़ोतरी देखी थी।

## आईपीएल के इतिहास में पहली बार दो लीग मुक़ाबले एक ही दिन एक ही समय पर



**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि दो लीग मैच एक ही तारीख़ को एक ही समय पर खेले जाएंगे। इससे पहले आईपीएल 2021 के लीग मैच डबल हेडर के साथ आठ अक्तूबर को समाप्त होने वाले थे। जहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के समयानुसार सुबह 11 बजे से सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) और गत विजेता मुंबई इंडियंस (एमआई) का मुक़ाबला अबू धाबी में प्रस्तावित था। जबकि यूएई के समयानुसार शाम 6 बजे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टक्कर दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के ख़िलाफ़ होनी थी। लेकिन अब ये फ़ैसला किया गया है कि 8 अक्तूबर को ही ये दोनों मैच यूएई के समयानुसार शाम 6 बजे से (भारतीय समयानुसार शाम 7.30) खेले जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट कण्ट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को प्रेस रिलीज़ के ज़रिए इस बात की जानकारी दी, हालांकि उसमें इसके पीछे की वजह के बारे में नहीं बताया गया है। लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो को जानकारी मिली है कि इसको कराने के लिए आईपीएल के ब्रॉडकास्टर स्टार ने सलाह दी है। स्टार ऐसा एक ट्रायल के लिए करना चाहता है ताकि अगले साल यानी 2022 में दस टीमों की शिरकत वाली इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर सके। आईपीएल के 2022 संस्करण में डबल हेडर मैचों की संख्या में इज़ाफ़ा हो सकता है।इससे पहले साल 2011 में भी आईपीएल में 10 फ़्रेंचाइज़ियों ने शिरकत की थी, और तब 70 लीग मैच खेले गए थे जबकि प्ले ऑफ़ की संख्या चार थी। आख़िरी बार आठ से ज़्यादा टीमों के बीच आईपीएल में प्रतियोगिता 2013 में हुई थी, तब नौ टीमों ने हिस्सा लिया था और कुल 76 मैच हुए थे।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> आज आपका दिन मिश्रफलदायी है। आपको आज नए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी एवं नए कार्य प्रारंभ कर पाएंगे।

<u>वृषः</u> हाथ में आया हुआ अवसर अनिर्णायकता के कारण आप आज गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज कोई भी नया कार्य का प्रारंभ करना हितकारी नहीं है।

<u>मिथुनः</u> आज के दिन की शुरुआत प्रफुल्लित मन और स्वस्थ चित्त से होगा। आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं।

<u>कर्कः</u> आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी एक निश्चय पर आप नहीं पहुंच पाएंगे और असमंजस के कारण मानसिक कष्ट होगा।

<u>सिंहः</u> आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। फिर भी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण सामने आया हुआ अवसर गंवा देंगे।

<u>कन्याः</u> आज का दिन आपके हेतु शुभफलदायी होगा। नए कार्यों का आयोजन आज सफल होगा। व्यापारी तथा वैतनिक कर्मचारियों के लिए लाभप्रद दिन है।

<u>तुलाः</u> आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। नए कार्य के प्रारंभ के लिए दिन अच्छा है। लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल की मुलाकात करने का प्रसंग उपस्थित होगा।

<u>वृश्चिकः</u> आज का दिन सावधानी से बिताएं। नए कार्यों का प्रारंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। अनैतिक कामवृत्ति से दूर रहें।

<u>धनुः</u> आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से व्यतीत होगा। आज आप मनोरंजन के दुनिया की सैर करेंगे। बौद्धिक तथा तार्किक विचार-विनिमय होगा।

<u>मकरः</u> आपके व्यापार में आज विस्तार हो सकता है। इस दिशा में आप कदम आगे बढ़ाएंगे। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा।

<u>कुंभः</u> आज कोई भी नए कार्य का प्रारंभ न करें। आज आपके विचारों में परिवर्तन शीघ्र ही आएंगे। महिलाओं को अपने वाणी पर संयम रखना हितकर होगा।

<u>मीनः</u> आज का दिन अरुचिकर घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। परिवार वालों के साथ वाद-विवाद होगा। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, जिससे चिंता होगी।

## माधुरी दीक्षित की पहली वेब सीरीज फाइंडिंग अनामिका का फर्स्ट लुक जारी



माधुरी दीक्षित ने बॉलीवुड में अपनी अलग ख्याति हासिल की है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को कई ऐतिहासिक फिल्में दी हैं। अपने अभिनय और नृत्य से इस अभिनेत्री ने लाखों दिलों पर राज किया है। फिल्मों में अपना जौहर दिखाने के बाद वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी नजर आएंगी। वह पिछले कुछ समय से अपनी पहली वेब सीरीज फाइंडिंग अनामिका को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब माधुरी अभिनीत सीरीज फाइंडिंग अनामिका का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है।

नेटफ्लिक्स के ग्लोबल फैन इवेंट टीयूडीयूएम का वर्चुअल आयोजन किया गया था। इस इवेंट का प्रसारण यूट्यूब पर किया गया था। यूट्यूब पर लाइव प्रसारण में इवेंट के इंडिया स्पॉटलाइट सेक्शन में कई शो और फिल्मों के फर्स्ट लुक को जारी किया गया था। इस इवेंट के दौरान ही माधुरी की पहली वेब सीरीज फाइंडिंग अनामिका की पहली झलक दिखाई गई है। इस सीरीज का निर्माण करण जौहर द्वारा किया गया है। प्रोड्यूसर करण की डिजिटल कंटेंट प्रोडक्शन कंपनी धर्माटिक इस सीरीज का निर्माण कर रही है। माधुरी की सीरीज को करिश्मा कोहली और बिजॉय नांबियार ने डायरेक्ट किया है। सीरीज में मानव कौल, लक्षवीर सरन, मुस्कान जाफरी और सुहासिनी मुले भी नजर आने वाली हैं। बताया जा रहा है कि सीरीज में माधुरी एक अनोखे अवतार में नजर आएंगी।

## सलमान खान के शो बिग बॉस 15 में नजर आएंगे मॉडल साहिल श्रॉफ




बिग बॉस ओटीटी का पहला सीजन हाल में समाप्त हुआ है। दिव्या अग्रवाल ने बिग बॉस ओटीटी का खिताब अपने नाम किया है। इसके बाद से ही दर्शकों को टीवी पर आने वाले सलमान खान के शो बिग बॉस 15 का इंतजार है। आए दिन इस शो से कई हस्तियों के नाम जुड़ रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि सलमान के शो बिग बॉस 15 में मॉडल साहिल श्रॉफ नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, साहिल सलमान के शो बिग बॉस 15 के कन्फर्मड प्रतिभागी हैं। शो के प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने शो में साहिल के भाग लेने की पुष्टि की है। साहिल ने हिन्दी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत शाहरुख खान अभिनीत फिल्म डॉन से की थी। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी। फिल्म में उन्होंने अर्जुन नाम के एक युवा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी।

## हरे प्याज और बेसन की सब्जी



हरे प्याज की सब्जी कुछ लोगों को इसलिए नहीं भाती क्योंकि बनने के बाद ये पानी-पानी हो जाती है तो आज हम इसकी ऐसी सब्जी लेकर आए हैं जो टेस्टी भी है और सूखी भी।

### सामग्री :

हरे प्याज कटे हुए- 3 कप, बेसन-1/2 कप, हरी मिर्च कटी हुई-1, हल्दी पाउडर-1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, राई/सरसों- 1 टीस्पून, हींग- 1 चुटकी, तेल- 2 टीस्पून, नमक-स्वादानुसार

### विधि :

हरे प्याज को धोकर सफेद हिस्सा अलग काट लें और हरा वाला भाग अलग-अलग काट लें। नॉन स्टिक पैन में बेसन को हल्का भून लेंगे। बहुत ज्यादा नहीं भूनें वरना स्वाद बदल जाएगा। कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें राई डालकर तड़काएं। इसके साथ ही इसमें हींग, हरी मिर्च भी डाल देंगे।

इसके बाद इसमें प्याज का सफेद वाला हिस्सा डालेंगे और तब तक पकाएंगे जब तक कि ये हल्के पारदर्शी न नजर आने लगें।

इसके बाद इसमें प्याज का हरा वाला हिस्सा डालेंगे। साथ ही नमक भी।

साथ ही साथ हल्दी पाउडर, लाल मिर्च और बेसन भी डाल दें।

सब्जी देखने में बहुत ज्यादा सूखी लग रही है तो हल्का सा पानी छिड़क दें ऊपर।

थोड़ी ही देर में बेसन और प्याज अच्छे से मिक्स हो जाएंगे। सब्जी को लगातार चलाते रहें वरना ये जल सकती है।

तैयार है बेसन, हरे प्याज की जायकेदार सब्जी।


## शब्द सामर्थ्य- 217

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**


1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 216 का हल**



## सू-दोकू- 217



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.216 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |